मेरी मैया जी कर दो नज़र ज़िन्दगी मेरी जाए संवर लिरिक्स

मेरी मैया जी कर दो नज़र,
ज़िन्दगी मेरी जाए संवर,
मेरी मईया जी कर दो नज़र।bd।

तेरे द्वारे हूँ कबसे खड़ी,
हाथ फूलों की लेकर लड़ी,
आस दिल में है दीदार की,
मैं हूँ प्यासी तेरे प्यार की,
देख दामन ये खाली मेरा,
मेरी मईया जी कर दो नज़र,
ज़िन्दगी मेरी जाए संवर,
मेरी मईया जी कर दो नज़र।bd।

है महामाया माँ तार दे,
शारदे शारदे शारदे,
चूम लूँ मैया तेरे चरण,
सारे दुख दर्द हो जा हरण,
बस इतनी कृपा करदे माँ,
तेरी चौखट ही हो मेरा घर,
मेरी मईया जी कर दो नज़र,
ज़िन्दगी मेरी जाए संवर,
मेरी मईया जी कर दो नज़र।bd।

तेरे दर की पुजारन रहूं,
मैं सदा ही सुहागन रहूं,
तेरा सिंगार करके सदा,
मांग सिंदूर से मैं भरूं,
माँ की भक्ति में बेनाम की,
ज़िन्दगी सारी जाए गुज़र,
मेरी मईया जी कर दो नज़र,
ज़िन्दगी मेरी जाए संवर,
मेरी मईया जी कर दो नज़र।bd।

मेरी मैया जी कर दो नज़र,
समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ज़िन्दगी मेरी जाए संवर,
मेरी मईया जी कर दो नज़र।bd।

गायक / प्रेषक – उदय लकी सोनी।
9131843199

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com